राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने कार्यक्रम में वर्चुअल भाग लिया

राज्यपाल ने कहा वंचित वर्गों के कल्याण के लिए उठाया गया ऐतिहासिक क्रांतिकारी कदम

‘पीएम—सूरज राष्ट्रीय पोर्टल’ से राष्ट्र का तेजी से होगा सामाजिक—आर्थिक उत्थान—राज्यपाल

जयपुर, 13 मार्च। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित ‘पीएम—सूरज राष्ट्रीय पोर्टल’ का शुभारंभ किया। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने उनके इस कार्यक्रम में राजभवन से ऑनलाइन भाग लिया।

श्री मिश्र ने ‘पीएम—सूरज राष्ट्रीय पोर्टल’ को ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि इससे आने वाले समय में वंचित वर्गों का उत्थान ही नहीं होगा बल्कि देश का तेजी से आर्थिक विकास होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा इस दौरान वंचित वर्ग के पात्र एक लाख उद्यमियों के लिए रियायती दर पर ऑनलाइन ऋण सहायता स्वीकृत कर सीधे खाते में स्थानांतरित किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि यह राष्ट्र के लिए सामाजिक परिवर्तन के लिए उठाया गया क्रांतिकारी कदम है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बुधवार को मशीनी स्वच्छता व्यवस्था के लिए राष्ट्रीय कार्रवाई (नमस्ते) योजना के अंतर्गत सफाई मित्रों को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट भी वितरित किए और लाभार्थियों से संवाद भी किया।

——————